# Daily Current Affairs

**Date : 12 August, 2025**

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका



| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना - क्लेम भुगतान कार्यक्रम |
| 2. | राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना (RFBDP) |
| 3. | विश्व आदिवासी दिवस – राज्यस्तरीय समारोह |
| 4. | AIIMS जोधपुर के नए अध्यक्ष - डॉ. तेजस मधुसूदन पटेल |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. प्रो. नंदकिशोर पांडेय<br>2. नाटक 'मकतूब' का मंचन इटली में<br>3. मुस्कान कोठोत्या का ताइक्वांडो में गोल्ड मेडल<br>4. BSF का ऑपरेशन अलर्ट<br>5. 'तेरे मेरे सपने' विवाह पूर्व संवाद केंद्र<br>6. प्रदेश के 20 थानों में नए महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र |
| 6. | फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुअलडेज मार्कोस जूनियर की भारत यात्रा |
| 7. | विश्व आदिवासी दिवस : 9 अगस्त |
| 8. | अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस |
| 9. | एस. राधा चौहान : क्षमता निर्माण आयोग का अध्यक्ष |
| 10. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. 38वाँ बोगोटा अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले 2026: मुख्य अतिथि – भारत<br>2. न्याय प्रणाली में सांकेतिक भाषा शामिल : पहला राज्य पंजाब |





UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना - क्लेम भुगतान कार्यक्रम

➲ **चर्चा में क्यों?**

■ **11 अगस्त, 2025 को झुंझुनूं में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल बीमा क्लेम भुगतान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**




➲ **मुख्य बिंदु :**

■ **कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन, 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किस्त डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में हस्तांतरित की।**

■ **कार्यक्रम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत् देशभर में 34 लाख 48 हजार किसानों को लाभान्वित किया गया, जिनमें राजस्थान के 9 लाख 70 हजार किसान शामिल हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- राजस्थान में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत् 7 करोड़ 4 लाख फसल बीमा पॉलिसी की जा चुकी हैं। साथ ही, 1 करोड़ 48 लाख किसानों को फसल बीमा क्लेम का भुगतान किया जा चुका है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना:**

- **लॉन्च :** अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान के विरुद्ध एक व्यापक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा 18 फ़रवरी, 2016 को 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' लॉन्च की गई।
- **मुख्य उद्देश्य :** ओलावृष्टि, सूखा, बाढ़, चक्रवात, भारी और बेमौसम बारिश, बीमारियों और कीटों के हमले आदि जैसी प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल हानि/क्षति से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना।
- **प्रीमियम:** किसान किफायती प्रीमियम का भुगतान करते हैं - खरीफ फसलों के लिये 2 प्रतिशत, रबी फसलों के लिये 1.5 प्रतिशत और वार्षिक वाणिज्यिक या बागवानी फसलों के लिये 5 प्रतिशत।
- जनवरी, 2025 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ₹69,515.71 करोड़ के कुल बजट के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (RWBCIS) को वित्तीय वर्ष 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी दी।
- पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (RWBCIS) एक मौसम सूचकांक-आधारित योजना है, जिसे PMFBY के साथ ही शुरू किया गया था। PMFBY और RWBCIS के बीच मूल अंतर किसानों के लिए स्वीकार्य दावों की गणना की पद्धति में है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना (RFBDP)

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) और राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास समिति (RVJVVS) के मध्य वनों पर निर्भर समुदायों की आजीविका को सुदृढ़ करने और उन्हें वैकल्पिक, सतत् और विविध आजीविका अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।




## मुख्य बिंदु :

- यह समझौता विशेष रूप से राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना (RFBDP) के अंतर्गत किया गया है, जिसे RVJVVS द्वारा राजस्थान वन विभाग के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

### राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना (RFBDP)

- राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना (RFBDP) फ्रांस की एजेंसी फ्रांसेइस डी डेवलपमेंट (AFD) द्वारा समर्थित एक पहल है, जो वर्ष 2023-24 से 2030-31 तक 8 वर्षों तक चलेगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **परियोजना की कुल लागत : ₹1,693.91 करोड़, (₹1,185.28 करोड़ AFD के ऋण योगदान के रूप में तथा ₹508.63 करोड़ राजस्थान राज्य द्वारा प्रदान)**
- **यह परियोजना राजस्थान के 13 जिलों; अलवर, बारां, भीलवाड़ा, भरतपुर, बूंदी, दौसा, धौलपुर, जयपुर, झालावाड़, करौली, कोटा, सवाई माधोपुर और टोंक में क्रियान्वित की जा रही है।**
- **इसमें 800 गाँवों हेतु गतिविधियाँ शामिल हैं, जिसका उद्देश्य राज्य के पूर्वी क्षेत्र में जैव विविधता का संरक्षण और पर्णपाती वन संसाधनों में वृद्धि करना है।**
- **RFBDP का मुख्य उद्देश्य जैव विविधता का संरक्षण और वन संसाधनों का संवर्धन करना है ताकि जलवायु परिवर्तन से निपटा जा सके, जो समुदाय सशक्तिकरण के माध्यम से किया जाएगा।**

**मुख्य गतिविधियाँ:**

- **वनारोपण : पारिस्थितिकी संतुलन को बहाल करने के लिए हरित आवरण को बढ़ाना।**
- **मृदा और जल संरक्षण : मृदा उर्वरता और जल उपलब्धता को बढ़ाना।**
- **जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण : आवासों में सुधार और वन्यजीव विकास कार्यों को बढ़ावा देना।**
- **क्षमता निर्माण और अनुसंधान : प्रभावी वन प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और अनुसंधान गतिविधियाँ आयोजित करना।**
- **आजीविका सुधार : संयुक्त वन प्रबंधन के तहत् भागीदारी प्रबंधन के माध्यम से वन-आश्रित समुदायों का समर्थन करना।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विश्व आदिवासी दिवस – राज्यस्तरीय समारोह

## चर्चा में क्यों?

- डूँगरपुर के सागवाड़ा स्थित महिपाल खेल मैदान में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा विश्व आदिवासी दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया।



## मुख्य बिंदु :

- **विश्व आदिवासी दिवस :** प्रति वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाता है।
- **वर्ष 2025 की थीम :** इंडिजिनस पीपल्स एंड एआई: डिफेंडिंग राइट्स, शेपिंग फ्यूचर्स।
- दिसंबर, 1992 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने वर्ष 1993 को विश्व के स्वदेशी लोगों के अंतरराष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित करने वाला एक प्रस्ताव पारित किया। वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस दिवस को मनाए जाने की घोषणा की गयी थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत भाग आदिवासी समूह है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**जनजातीय गौरव दिवस:**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15 नवंबर, 2021 को भारत की आज़ादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर बहादुर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने हेतु 15 नवंबर (भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिवस) को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- राजस्थान में जनजातीय गौरव दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।
- माणिक्य लाल वर्मा ने आदिवासी भीलों एवं हरिजनों में शिक्षा प्रसार एवं उनके विकास के लिए वर्ष 1934 में सागवाड़ा (डूंगरपुर) में 'खंडलाई आश्रम' की स्थापना की।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## AIIMS जोधपुर के नए अध्यक्ष - डॉ. तेजस मधुसूदन पटेल



### ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केंद्र सरकार द्वारा गुजरात के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. तेजस मधुसूदन पटेल को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) जोधपुर का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### ➲ मुख्य बिंदु :

- प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. तेजस माधुसूदन पटेल को इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में उनके अग्रणी कार्य के लिए वर्ष 2024 में भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।
- डॉ. पटेल ने यूएन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर, अहमदाबाद से डिग्री प्राप्त की है।
- डॉ. तेजस मधुसूदन पटेल, S.S. पटेल का स्थान लेंगे।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत् स्वायत्त संस्थान के रूप में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर की स्थापना वर्ष 2012 में हुई।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **प्रो. नंदकिशोर पांडेय**<br><br>♦ हाल ही में, राजस्थान के राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने प्रो. नन्द किशोर पाण्डेय को हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलगुरु पद पर नियुक्त किया। |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**2.**

## नाटक 'मकतूब' का मंचन इटली में



- जयपुर के नाट्य निर्देशक सिकंदर खान इंटरनेशनल थिएटर फेस्टिवल के 27वें संस्करण (2025) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- इस फेस्टिवल में सिकंदर खान द्वारा लिखित और निर्देशित नाटक 'मकतूब' का मंचन किया जाएगा।
- **आयोजन :** 4 से 7 सितंबर, 2025 तक।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**3.**

## मुस्कान कोठोत्या का ताइक्वांडो में गोल्ड मेडल




- **जामडोली (जयपुर) स्थित केशव विद्यापीठ समिति द्वारा संचालित गर्ल्स स्कूल की विद्यार्थी मुस्कान कोठोत्या ने 8 से 10 अगस्त, 2025 तक थाईलैंड में आयोजित 'इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप' में स्वर्ण पदक जीता।**

**4.**

## BSF का ऑपरेशन अलर्ट



- **हाल ही में, सीमा सुरक्षा बल (BSF) द्वारा जैसलमेर में स्थित अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 'ऑपरेशन अलर्ट' की शुरुआत की गई।**
- **स्वतंत्रता दिवस पर संभावित घुसपैठ की आशंका को ध्यान में रखते हुए इस ऑपरेशन की शुरुआत की गई है।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**5.**

## 'तेरे मेरे सपने' विवाह पूर्व संवाद केंद्र



- **महिला अधिकारिता विभाग द्वारा राजस्थान के सभी संभागों में विवाह पूर्व परामर्श केंद्रों (प्री-मैरिटल काउंसलिंग सेंटर्स) की स्थापना की जा रही है। पूर्व में दो संभागों; बीकानेर और उदयपुर में इस प्रकार के केंद्रों की स्थापना की जा चुकी है।**
- **इस प्रकार के केंद्रों की स्थापना का उद्देश्य विवाह से पहले युवाओं को मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से तैयार करना है ताकि वे अपने रिश्ते को बेहतर तरीके से समझ सकें और एक सफल वैवाहिक जीवन की नींव रख सकें।**
- **ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2025 के अवसर पर विवाह पूर्व परामर्श (प्री-मैरिटल काउंसलिंग) केंद्रों की एक नई पहल 'तेरे मेरे सपने' की शुरुआत की थी।**
- **राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष : विजया रहाटकर।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 6. प्रदेश के 20 थानों में नए महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र



- महिला अधिकारिता विभाग द्वारा घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सहायता और सुझाव देने के लिए प्रदेश के 20 थानों में नए महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र खोले जाएंगे।
- जयपुर जिले में एक केंद्र खोला जाएगा, जबकि सबसे अधिक 3 केंद्र सीकर व 2 केंद्र जोधपुर जिले में खुलेंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुअलडेज मार्कोस जूनियर की भारत यात्रा

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **4 से 8 अगस्त, 2025 तक फिलीपींस गणराज्य के राष्ट्रपति फर्डिनेंड R. मार्कोस जूनियर ने भारत की राजकीय यात्रा सम्पन्न की।**



➲ **मुख्य बिंदु :**

- **फिलीपींस के राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद से राष्ट्रपति मार्कोस की यह भारत की पहली यात्रा थी।**
- **राष्ट्रपति मार्कोस की राजकीय यात्रा, भारत-फिलीपींस राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगाँठ ( वर्ष 1949) के अवसर पर सम्पन्न हुई।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## समझौते/समझौता ज्ञापन :

1. **भारत-फिलीपींस रणनीतिक साझेदारी :** कार्य योजना (2025-29) जिसमें रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, समुद्री सहयोग, कनेक्टिविटी और जलवायु परिवर्तन जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया।
2. दोनों देशों की वायु सेना, नौसेना, तटरक्षक बल के मध्य वायु सैन्य कर्मियों की वार्ता के विचारार्थ विषय।
3. भारत सरकार और फिलीपींस सरकार के मध्य आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता संधि।
4. भारत सरकार और फिलीपींस सरकार के बीच सजायाफ्ता दोषियों के स्थानांतरण पर संधि।
5. भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और फिलीपींस के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के मध्य वर्ष 2025-2028 की अवधि के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग कार्यक्रम।
6. पर्यटन सहयोग पर फिलीपींस सरकार के पर्यटन विभाग और भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के मध्य कार्यान्वयन कार्यक्रम (2025-2028)।
7. भारत सरकार और फिलीपींस सरकार के मध्य डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन।
8. बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग पर सहयोग के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और फिलीपीन की अंतरिक्ष एजेंसी के मध्य आशय वक्तव्य।
9. भारत सरकार और फिलीपीन सरकार के मध्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम।

## घोषणाए :

1. भारत, फिलीपींस के सॉवरेन डेटा क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थापना के लिए पायलट परियोजना में सहायता प्रदान करेगा।
2. हिंद महासागर क्षेत्र – सूचना संलयन केंद्र (IFC-IOR) में भाग लेने के लिए फिलीपींस को आमंत्रित किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

3. अगस्त, 2025 से एक वर्ष की अवधि के लिए फिलीपींस के नागरिकों को निःशुल्क ई-पर्यटक वीजा सुविधा प्रदान की गई।

4. भारत-फिलीपींस राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगाँठ के अवसर पर संयुक्त रूप से स्मारक डाक टिकट जारी किया गया।

5. भारत और फिलीपींस के बीच अधिमान्य (प्राथमिकता) व्यापार समझौते पर वार्ता के लिए संदर्भ शर्तें अपनाई गईं।

अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

- वर्ष 2022 में, भारत ने फिलीपीन नौसेना को ब्रह्मोस मिसाइलों की आपूर्ति के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो दक्षिण पूर्व एशिया के लिए भारत का पहला बड़ा रक्षा निर्यात हैं।

फिलिपींस :





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महत्त्वपूर्ण दिवस

### विश्व आदिवासी दिवस : 9 अगस्त

**चर्चा में क्यों?**




- प्रति वर्ष 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया जाता हैं जिसका उद्देश्य स्वदेशी समुदायों के अधिकारों की रक्षा और उनके सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देना है।

**मुख्य बिंदु :**

- **मान्यता :** दिसंबर, 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा।
- **कारण :** यह दिवस वर्ष 1982 में जिनेवा में स्वदेशी जनसंख्या पर संयुक्त राष्ट्र कार्य समूह की पहली बैठक के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है।
- **विषय :** "इंडिजिनस पीपल्स एंड एआई: डिफेंडिंग राइट्स, शेपिंग फ्यूचर्स।"
- **2025 इक्वेटर पुरस्कार :** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) ने इक्वेटर पुरस्कार 2025 के लिये चुने गए दस स्वदेशी नेतृत्व वाले, समुदाय-आधारित संगठनों में से एक, भारत की बीबी फातिमा स्व सहायता संघ हैं जो बहु-फसल, बीज बैंकों और सौर ऊर्जा प्रसंस्करण के माध्यम से गाँव के किसानों का समर्थन करती हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### भारत में आदिवासियों की स्थिति :

- 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या का लगभग 8.6% हैं।
- वर्ष 1973 में ढेबर आयोग ने आदिम जनजातीय समूहों (PTG) को अलग श्रेणी में रखा, जो जनजातीय समूहों में कम विकसित माने गए।
- वर्ष 2006 में PTG का नाम बदलकर PVTG कर दिया तथा वर्तमान में 75 PVTGs समूह हैं।
- भारत में सूचीबद्ध 75 PVTGs समूहों में से सबसे अधिक संख्या ओडिशा में पाई जाती है।

### भारत सरकार की प्रमुख पहले :

- **एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय :** वर्ष 1997-98 में जनजातीय क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए आवासीय विद्यालयों की स्थापना हेतु जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा शुरू की गई ।
- **प्रधानमंत्री वन धन योजना :** वन संसाधनों पर आधारित आजीविका अवसरों को बढ़ावा देने के लिए 14 अप्रैल, 2018 को भारत के प्रधानमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ के बीजापुर में वन धन योजना को पायलट परियोजना के रूप में लॉन्च किया गया था।
- **प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (PM JANMAN) :** 15 नवंबर, 2023 (जनजातीय गौरव दिवस) आदिवासी सहकारी विपणन विकास संघ (TRIFED) : अगस्त, 1987 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर की सहकारी संस्था के रूप में बहु-राज्य सहकारी समितियों अधिनियम, 1984 के तहत् की गई थी।
- **आदिवासी स्कूलों का डिजिटल रूपांतरण :** आदिवासी विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा की सुविधा प्रदान करने हेतु जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा शुरू की गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस




➲ **चर्चा में क्यों?**

- **प्रति वर्ष 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है।**

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **12 अगस्त, 2000 को पहला अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया और तब से, युवाओं के मुद्दों को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के ध्यान में लाने और वर्तमान वैश्विक समाज में भागीदार के रूप में युवाओं की क्षमताओं को मान्यता प्रदान करने के लिये इसे प्रति वर्ष मनाया जाता है।**
- **वर्ष 2025 की थीम : लोकल यूथ एक्शन्स फॉर द SDGs एंड बियोंड।**
- **अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का विचार पहली बार वर्ष 1991 में विश्व युवा मंच के पहले सत्र के लिए ऑस्ट्रिया के वियना में एकत्रित युवाओं द्वारा प्रस्तावित किया गया था।**
- **वर्ष 1999 में, युवाओं के लिए जिम्मेदार मंत्रियों के विश्व सम्मेलन ने 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में घोषित करने के लिए एक प्रस्ताव अपनाया, जिसे 17 दिसंबर, 1999 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा समर्थन प्रदान किया गया।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**राष्ट्रीय युवा दिवस:**

- **प्रति वर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर देशभर में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' मनाया जाता है।**
- **12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत वर्ष 1984 में हुई।**
- **इस दिवस को मनाने का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के विचार, आदर्श और उनके काम करने के तरीकों को भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनाना है।**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## व्यक्तित्व

### एस. राधा चौहान : क्षमता निर्माण आयोग का अध्यक्ष

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, केंद्र सरकार ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT) की पूर्व सचिव एस. राधा चौहान को क्षमता निर्माण आयोग (Capacity Building Commission-CBC) की पूर्णकालिक अध्यक्ष नियुक्त किया गया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ➲ मुख्य बिंदु :

- राधा चौहान, आदिल ज़ैनुलभाई का स्थान लेंगी, जिन्होंने अप्रैल, 2021 में आयोग की स्थापना के बाद से इसके संस्थापक अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।
- राधा चौहान 1 अगस्त, 2025 से तीन वर्षों की अवधि के लिए या अगले आदेश तक इस पद पर रहेंगी।

### क्षमता निर्माण आयोग (Capacity Building Commission-CBC) :

- **स्थापना :** भारत सरकार द्वारा 1 अप्रैल, 2021 को मिशन कर्मयोगी पहल के तहत् की गई।
- **उद्देश्य :** भारत की सिविल सेवाओं में क्षमता निर्माण प्रयासों का मानकीकरण, समन्वय और समरसता सुनिश्चित करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **38वाँ बोगोटा अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले, 2026: मुख्य अतिथि – भारत**<br><br><br>♦ भारत को 38वें बोगोटा अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले (FILBO) 2026 में 'सम्मानित अतिथि' देश के रूप में आमंत्रित किया गया हैं।<br>♦ वर्ष 1988 से, कोलंबियाई बुक चैंबर और कॉर्फेरियास द्वारा बोगोटा अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले का आयोजन करता हैं।<br>♦ भारत के राष्ट्रीय पुस्तक न्यास ने इस वर्ष 25 अप्रैल से 11 मई तक आयोजित 37वें बोगोटा अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले 2025 में पहली बार भारत की पुस्तकों की एक सामूहिक प्रदर्शनी प्रदर्शित की। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

3.

## न्याय प्रणाली में सांकेतिक भाषा शामिल : पहला राज्य पंजाब




- न्याय प्रणाली को अधिक समावेशी बनाने हेतु पंजाब सरकार द्वारा किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत् सांकेतिक भाषा दुभाषियों, अनुवादकों और विशेष शिक्षकों को औपचारिक रूप से सूचीबद्ध किया।
- इसी के साथ पंजाब भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया, जहाँ दिव्यांग बच्चों को न्याय दिलाने के लिए सांकेतिक भाषा विशेषज्ञों की नियुक्ति की गई है।
- यह सुविधा जेजे एक्ट और बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (POCSO), 2012 के मामलों पर भी लागू की जाएगी।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR